हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 31 अगस्त 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

=============================================

वित मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत या उससे अधिक रहने की संभावना है। अमरीका दौरे के दौरान शिकागो में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और अमरीका-ईरान संघर्ष तथा होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने के बाद आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधाओं के बावजूद भारत अपनी विकास गति को बनाए रखने में सक्षम रहेगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य में आई बाधा ने शुरुआत में कच्चे तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और उर्वरकों जैसी प्रमुख वस्तुओं की आपूर्ति को प्रभावित किया, लेकिन देश आपूर्ति को पुनर्गठित करने में सफल रहा। वित्त मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी वृद्धि के बावजूद सरकार ने सब्सिडी के माध्यम से किसानों के लिए उर्वरक की कीमतें अपरिवर्तित रखी हैं। श्रीमति सीतारामन ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ-साथ सरकार प्रणालीगत सुधारों को जारी रखेगी। सरकार विशेष रूप से विदेशों से अधिक पूंजी जुटाने का प्रयास करेगी।

-------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में विमुक्त एवं घुमंतू समाज के प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए उनके गौरवशाली इतिहास और देशभक्ति की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुगलों और अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष में इस समाज के शूरवीरों और महापुरुषों का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार गरीब कल्याण की भावना से काम कर रही है, जिसके तहत घुमंतू परिवारों को पक्के मकान, प्लॉट आवंटन और बेटियों की शादी के लिए वित्तीय सहायता दी जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने समाज के लोगों से अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से पढ़ाने और शिक्षित कर आगे बढ़ाने की अपील की।

-----------------------------------------------

पंजाब के लहरागागा के सतराणा हलके में कल भारतीय जनता पार्टी को बड़ी राजनीतिक मजबूती मिली है। क्षेत्र के विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी के नेतृत्व और भाजपा की नीतियों में विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पटियाला, मानसा, संगरूर, पातड़ा और लहरागागा क्षेत्रों से जुडे तीन दर्जन से अधिक लोगों ने भाजपा का दामन थामा। इनमें आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल से जुड़े रहे कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता, कारोबारी, किसान, ठेकेदार, पूर्व सैनिक और समाज के अन्य वर्गों से जुड़े लोग शामिल रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का परिवार लगातार बढ़ रहा है और विभिन्न वर्गों के लोगों का पार्टी से जुड़ना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे विकास कार्यों तथा भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों में बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार से जनता का मोहभंग हो चुका है। जिन उम्मीदों के साथ पंजाब की जनता ने आम आदमी पार्टी को सत्ता सौंपी थी, वे उम्मीदें पूरी नहीं हुईं।

भाजपा में शामिल होने वालों में ओलंपिक पुरस्कार पाने वाली मनप्रीत कौर और किसान यूनियन से जुडे निर्मल सिंह प्रमुख चेहरे हैं ।

----------------------------------------

हरियाणा सरकार ने उत्कृष्ट खिलाड़ी भर्ती नियमों के तहत अब तक 260 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को ग्रुप-ए, बी और सी की सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि हाल ही में खेल श्रेणीकरण नीति में बड़ा संशोधन किया गया है। अब हरियाणा राज्य खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को भी  खेल श्रेणीकरण नीति  का सीधा लाभ मिलेगा।

--------------------------------

हरियाणा पुलिस बढ़ते डिजिटल अपराधों और जटिल मामलों से निपटने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता कार्य बल का गठन कर रही है। एक आईपीएस अधिकारी इसके एआई अधिकारी होंगे, जो पुलिस व्यवस्था को आधुनिक, तेज और पूरी तरह आंकड़ों पर आधारित बनाएंगे। इसके तहत शिकायत निवारण प्रणाली और अदालत विवरण पोर्टल जैसे आंतरिक डिजिटल साधन भी विकसित किए जा रहे हैं।

पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने बताया कि यह पहल तकनीक और मानवीय संवेदनशीलता के तालमेल से पुलिसकर्मियों की क्षमता को और मजबूत करेगी।साइबर अपराध पुलिस अधीक्षक मयंक गुप्ता ने बताया कि एआई की मदद से संदिग्ध वित्तीय लेन-देन के रिकॉर्ड और बड़े डिजिटल आंकड़ों का प्राथमिक विश्लेषण बेहद कम समय में हो सकेगा।  वे महत्वपूर्ण सुरागों की पुष्टि, आरोपियों से पूछताछ  व अन्य मानवीय जांच प्रक्रियाओं पर अपना ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।